सार-समाचार

## निष्पादन समिति की बैठक

**सीकर** (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राधेश्याम योगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ब्लॉक निष्पादन मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीबीईओ ने बैठक एजेंडा की बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन व निर्देश प्रदान करते हुए पौधरोपण अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की सार सम्भाल पर ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ब्लॉक निष्पादन मासिक बैठक में पीईईओ से प्रवेशोत्सव अभियान में वर्तमान नामांकन से दस प्रतिशत से अधिक नामांकन बढ़ाने का आव्हान किया। प्रधानाचार्य ख़िरवा लीलाधर ने ब्लॉक रैंकिंग, यू डायस,आधार, जनाधार प्रमाणीकरण,योग दिवस की शाला दर्पण व पीएसपी पोर्टल पर प्रविष्टि करने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य भूमा बड़ा सोहन लाल भास्कर ने विशेष रूप से हाउस होल्ड सर्वे पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए प्रवेश योग्य बच्चों की पहचान कर शाला में प्रवेश दिलाने की आवश्यकता जताई।नवसाक्षर भारत अभियान के ब्लॉक समन्वयक रणवीर गढ़वाल लर्नर्स टारगेट प्राप्त करने की रूपरेखा बताई। रिसोर्स पर्सन सुरेश कुमार भास्कर ने बैठक का संचालन करते हुए विभागीय लक्ष्यों के साथ ही पौधरोपण अभियान की सफल क्रियान्वित पर जोर दिया।अरविंद भास्कर प्रधानाचार्य लालसी ने समुदायक सहभागिता के माध्यम से समुदाय से सहयोग लेने के तरीकों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य कैलाश मीणा खिवासर ने अक्षय व गरिमा पेटी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस पर प्रधानाचार्य सुमित्रा पालडी ने भी अपने अनुभव सांझा किए।प्रशासनिक अधिकारी भवरसिंह जाखड,श्रीपाल ढाका, परमेश्वर ढाका, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र सामरिया,लेखाकार अनिल मील, लेखाकार मंजू सेवदा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विवेक सेठ,कमलेश शर्मा एवं लोकेश मीणा,श्रीराम मुंड, शांतिदेवी,महेश सैनी, दिनेश स्वामी, विकास झांकल आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश स्तर पर सीकर सम्मानित

**सीकर** (निसं)। विश्व जनसंख्या दिवस पर जयपुर में शुक्रवार को आयोजित हुए समारोह में सीकर जिले को परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया हैं। परिवार कल्याण के साधन पीपीआईयूसीडी लगाने में सीकर प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में चिकित्सा मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़, एनएचएम के निदेशक डॉ अमित यादव व अन्य प्रदेश स्तरीय अधिकारियों ने अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ती पत्र भेंटकर सम्मानित किया। जिला स्तर पर 16 जुलाई को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय सम्मान सरोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह जिला परिषद सभागार में सुबह दस बजे होगा। सम्मारोह में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, निजी अस्पताल, स्वयं सेवी संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।

## 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण अभियान

**उदयपुरवाटी** (निसं)। कस्बे में तीन नंबर चुंगी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हरियालों राजस्थान कार्यक्रम के तहत चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.राजेंद्र कुमावत ने अपने हर्बल गार्डन में पौधारोपण कर गार्डन में हरितमा की चादर को बढ़ाया। वैसे भी गार्डन में पहले भी कई औषधीय पौधे उगा रखे हैं और समय पर उनकी सर सम्भाल भी होती रहती है।डॉ.कुमावत का यह प्रयास न केवल हरियालों राजस्थान को समर्थन देने वाला है बल्कि इस माध्यम से एक सामाजिक संदेश भी दिया कि हर व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम मुहिम से जुड़ना चाहिए।उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा भी लगाकर उसका संरक्षण करे, तो धरती पुनः हरि भरी हो सकती है और अपने इस पुनीत कर्म से धरती मां का सावन में एक अनुपम श्रृंगार होगा। कार्यालय स्टाफ के अलावा पर्यावरण प्रेमी शिवपाल सैनी गिरधरपुरा भी इस मौके पर उपस्थित होकर पौधारोपण में सहयोग किया।

## पेड़ लगाने का आव्हान किया

**सीकर** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रसीदपुरा में धोद ब्लॉक की निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी राहुल मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मल्होत्रा ने आधिकारिक पेड़ लगाने का आव्हान किया तथा ब्लॉक के समस्त कार्यों का समय पर निष्पादन कर उत्तम रैंकिंग बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैलासी में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सपना का उल्लेखनीय कार्यों के लिए मंचस्थ अधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह शेखावत, एडीपीसी राकेश लाटा, सीबीईओ सीताराम खारिया, एसीबीईओ महेंद्र कृष्णिया,सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल,परियोजना अधिकारी मुकेश मिठारवाल,स्थानीय प्राचार्य राजेंद्र कृष्णिया, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त एडवोकेट भंवर सिंह एवं ब्लॉक के प्राचार्य उपस्थित रहें।

## नई कार्यकारिणी की घोषणा

**पाटन** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 77वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के भवानी सिंह रहे तथा जिला संयोजक प्रवीण चेतानी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमे बबलू को नगर मंत्री, अंशिता, गुड्डू , हरिराम को नगर सह मंत्री, एसएफडी संयोजक लवप्रीत रकम संयोजक राजेंद्र, सहसंयोजक चंदू, कोमल खेलो भारत हिमांशु को बनाया गया। कार्यक्रम में संगोष्ठी एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त एवं पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र, रिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत उत्साहपूर्वक किया गया, जिससे युवाओं में संगठन के प्रति नई ऊर्जा और जागरूकता देखने को मिली। स्थापना दिवस के इस अवसर पर ने यह संदेश दिया कि छात्र शक्ति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है, और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## एनसीसी भर्ती का आयोजन

**सीकर** (निसं)। जयपुर-बीकानेर बाईपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में नेशनल कैडेट कॉपर्स एनरोलमेंट 2025-26 के तहत 3 राज बटालियन सीकर द्वारा एनसीसी भर्ती का आयोजन किया गया। एनसीसी ऑफिसर विजयपाल सिंह ने बताया कि 3 राज बटालियन नायब सूबेदार मनीष कुमार, हवलदार सुभाष मीणा, हवलदार शौकत अली, ड्रिल इंस्ट्रक्टर शंकर लाल, जीसीआई सुमन विश्नोई आदि के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स का चयन कर भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न की गई। एनसीसी कैडेट का चयन शारीरिक व मानसिक दक्षता तथा लिखित व मौखिक परीक्षा केआधार पर किया गया। चयन प्रक्रिया में सैंकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए जिनमें 25 विद्यार्थियों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया। भर्ती प्रक्रिया के दौरान प्रिंस एकेडमी प्रबंध निदेशक रमाकांत स्वामी, लेफ्टिनेंट निरुपम सुंडा आदि उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं को जूस पिलाया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। श्रावण मास के पवित्र माह में भूतनाथ मंदिर के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु भक्तों, राहगीरों व आमजन के लिए भामाशाह दिनेश सोमानी ने गन्ने का ज्यूस निःशुल्क पिलाने के लिए मंदिर परिसर में गन्ने के ज्यूस की मशीन का मशीन लगाई है। यह जानकारी देते हुए भूतनाथ के अनन्य भक्त पवन बूटोलिया ने बताया कि भामाशाह सोमानी की ओर से प्रतिवर्ष श्रावण मास में श्रद्धालुओं के लिए गन्ने के ज्यूस की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। उन्होंने बताया कि शनिवार को श्रावण मास के पहले दिन शुरू हुई गन्ने के ज्यूस की विधिवत पंडित विष्णुकांत शास्त्री के आचार्यत्व में पूजन किया गया।इस अवसर पर भागचंद लाटा सहित श्रद्धालु भक्त मौजूद थे।

## अभियान के तहत पौधारोपण

**सीकर,** (निसं)। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को जिला परिषद परिसर सीकर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) इन्दिरा शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी अंजली सैनी, सहायक लेखाधिकारी (ईजीएस) रेणुबाला, जिला परिषद की महिला स्टाफ नीतू कुल्हरी, मोनिका ढाका, पार्वती, सरोज आदि ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 14 को

**सीकर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 (15 अगस्त) के सफल आयोजन के लिए जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 14 जुलाई 2025 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यालय में 600 पौधे वितरित



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में विद्यार्थियों को पौधों का वितरित किये।

**सीकर** (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में मुख्यमंत्री महावृक्षारोपण अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सीकर रतनलाल जलधारी ने बोलते हुए कहा कि अगली पीढ़ी को बचाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाकर उनकी 3 साल तक परवरिश करना जरूरी है।

जलधारी ने कहा कि इस विद्यालय में प्रवेश करते समय एक रिसॉर्ट का सा अनुभव होता है जो यहां के स्टाफ की कार्य कुशलता का परिणाम है। इस अवसर पर पूर्व यूआईटी अध्यक्ष और किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां ने कहा कि आमजन को आज यह समझना होगा कि आने वाली पीढ़ी को अगर सुरक्षित रखना है तो पेड़ों की संख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय में किए गए कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय को इस तरह का वातावरण निर्मित करना चाहिए जिससे कि विद्यालय में विद्यार्थियों और अभिभावकों का जुड़ाव हो सके।

इस अवसर पर एडीपीसी समसा राकेश लाटा ने विद्यार्थियों से पेड़ लगाकर उसकी जिओ ट्रैकिंग करना जरूरी है जिससे कि उसे पौधे का नामकरण उम्र भर उनके आधार पर हो सके। उन्होंने सरकारी विद्यालय में मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने नानेनिहालों को सरकारी विद्यालय में प्रवेश दिलाकर प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य किरण सैनी ने कहा कि वे अपने वेतन से एक सौ पौधे प्रतिवर्ष लगवाती है।


कार्यक्रम एक मिसाल के रूप में है, जिसमें बारिश के समय भी सैकडों की संख्या में अभिभावकों का उपस्थित होना प्रधानाध्यापक और स्टाफ की समाज से जुड़ाव को दर्शाता है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय में प्रतिवर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाता है और उसी कड़ी में आज श्रावण मास के पहले दिन ग्राम वासियों को 600 पौधे जिनमें फलदार, फूलदार और छायादार पौधे शामिल हैं।

कार्यक्रम में एक अनूठी पहल की गई कि उनका नामकरण अपने परिवार के सदस्यों पर रखा गया, जिससे कि उनको सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य किरण सैनी, पंचायत समिति प्रतिनिधि किरण मील, दिनेश तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्य मोहर सिंह जाखड़, शंकर सिंह, पर्यावरण प्रेमी मनोज भाकर, संजय, संदीप ,दिलीप सिंह शेखावत, विक्रम सिंह शेखावत, नरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह, आमीन गौरी, राधेश्याम गर्वा, मनोज कंवर, मंजू कंवर, सरोज कंवर, सुभीता देवी, सावित्री देवी, हंसा कंवर संतोष कंवर, सुमन सुमित्रा सहित सैकडो की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## योजनाओं की जानकारी दी

**सीकर** (निसं)। पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय जयपुर-सीकर द्वारा शुक्रवार को किसान भवन, कृषि उपज मंडी, जयपुर रोड़, सीकर में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 300 किसान व कृषि महाविद्यालय के छात्र मौजूद रहे। समारोह के प्रारम्भ में अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा, महाप्रबंधक सुरेंद्र विश्वकर्मा, मंडल प्रमुख सुधांशु भूषण व सहायक महाप्रबंधक (नाबार्ड) एम एल मीणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। मंडल प्रमुख ने उपस्थित सभी किसानों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में बताया कि पंजाब नैशनल बैंक द्वारा किसानों व महिलाओं के लिए बचत खाता स्कीम चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से उन्हें फ्री में बीमा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है, इसलिए आप अपने परिवार के सदस्यों को पीएनबी के साथ जोड़ें ताकि आपको पीएनबी की योजनाओं का लाभ मिल सके।



**चूरू में मंगलमयी वीर हनुमान सुन्दरकाण्ड समिति चूरू की ओर से गुरु पुर्णिमा के अवसर पर सेठ जयदयाल गोयनका द्वारा स्थापित, स्वामी रामसुखदास महाराज द्वारा सिंचित व गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा संचालित स्थानीय श्रीऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम में गुरूवार रात्री को भव्य संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियों के साथ पाठ का शानदार वाचन कर उपस्थित जन को देर रात तक बांधे रखा। इस अवसर पर समिति के सुनील पिथिसरिया, पवन ठठेरा, अंकित पिथिसरिया, जगदीश सोनी, राहुल सरावगी, राजेश शर्मा, समय सहल, विपिन सरावगी, देवकीनंदन वर्मा सहित बड़ी संख्या में आश्रम के ब्रह्मचारीगण, आचार्यगण, कर्मचारीगण व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।**

# लक्ष्मणगढ़ में गौचर भूमि बचाने की मांग को लेकर गौभक्त भूख हड़ताल पर बैठे

- **संतों की चेतावनी जब तक ठोस कार्यवाही नहीं होगी व गौचर भूमि से अतिक्रमण नहीं हटेगा तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी**
- **पहले दिन 5 युवा बैठे भूख हड़ताल पर, बड़ी संख्या में रैली के रूप में पहुंचे युवा**

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। क्षेत्र में गौचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने, गौचर भूमि खाली कराने व ठोस कार्यवाही प्रशासन द्वारा नहीं की जायेगी तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी तथा भूख हड़ताल करने वाले गौभक्तों व युवाओं को तब तक संतों का सानिध्य व समर्थन मिलेगा। यह कहना है संत महावीर जति महाराज का।

यहां उपखंड कार्यालय के सामने शुक्रवार को गौचर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले भूख हड़ताल पर बैठे युवाओं की मांग का समर्थन करते हुए धरना स्थल पर पहुंचे, शिवमठ धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महावीर जति महाराज ने गौभक्तों व युवाओं को संबोधित किया तथा मीडिया से रूबरू हुए। संघर्ष समिति के अनुज बादूसर ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में गौचर भूमि को बचाने की मांग को लेकर शुक्रवार को गौचर भूमि बचाओ संघर्ष समिति की ओर से उपखण्ड कार्यालय के सामने भूख हड़ताल शुरू की गई है तथा पहले दिन 5 युवा भूख हड़ताल पर बैठे तथा उनके समर्थन में साधु संत सहित बड़ी संख्या में लोग आएं। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्य रैली के रुप में उपखण्ड अधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया तथा प्रमुख शासन सचिव व जिला कलक्टर के ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रेषित की।

ज्ञापन में समिति ने बताया कि क्षेत्र की गौचर भूमि को बचाने के लिए काफी समय से ज्ञापन दिए जा रहे हैं तथा हाल ही में 3 जुलाई को भी बादूसर एवं समस्त ग्राम पंचायतों की गौचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर खाली कराए जाने का ज्ञापन भी दिया गया था। जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने पर साधु संतों के सानिध्य में बड़ी संख्या गौभक्त श्रावण मास के पहले दिन से भूख हड़ताल पर बैठे।

इस अवसर पर शिवमठ आश्रम गाडोदा के पीठाधीश्वर महावीर जति महाराज, श्री शील जति आश्रम भोजासर बडा के पीठाधीश्वर शिवराज जति महाराज, विकास नाथ महाराज,रवि नाथ महाराज प्रवीण नाथ महाराज सहित बड़ी संख्या में गौभक्त, युवा धरनें में शामिल हुए।

## कॅरियर मार्गदर्शन प्रशिक्षण सम्पन्न

**चूरू** (निसं)। डाइट में आयोजित तीन दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को समारोह पूर्वक हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य एवं राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के व्यापक करियर शिक्षा कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के सभी ब्लॉकों से चयनित 40 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी के कौशल आधारित शिक्षा एवं जीवन कौशल (लाइफ स्किल्स) से सशक्त कर विद्यार्थियों को प्रभावी करियर गाइडेंस के लिए तैयार करना है। इस दौरान कौशल दक्षता, कॅरियर अन्वेशण तकनीक, व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कौशल जैसे विविध विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़ ने शिक्षकों से प्रशिक्षण का फीडबैक लेकर इस प्रशिक्षण को विद्यार्थियों के ग्लोबल कॅरियर स्कोप से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया।

# श्री वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कस्बे के सिगडोला छोटा में श्री वीर तेजाजी मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार को होगी। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पहले शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा भी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। कलश यात्रा श्री ठाकुरजी के मंदिर से प्रारंभ होकर नवनिर्मित तेजाजी मंदिर प्रांगण में पहुंची।

इस अवसर पर स्वायत शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने कहा कि सत्यवादी वीर तेजाजी की जीवनी को हम सब को अपने जीवन में उतरना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से कहा कि बच्चों के जीवन में प्रथम गुरु माता होती है, अतः आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती कहा कि वीर तेजाजी के जीवन को हम सभी को आत्मसात करते हुए परोपकारी जीवन जीना चाहिए।

- **कलश यात्रा में यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा पहुंचे**



**मूर्ति स्थापना से पहले कलश यात्रा निकाली गई।**

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण भागीरथ बगड़िया एवं रामप्यारी देवी ने अपनी विवाह की 50वी वर्षगांठ पर करवाया है। प्राण प्रतिष्ठा संत दरियाव धौलिया भोपाजी खरनाल के सानिध्य में होगी। मंदिर में शनिवार को सुबह 11 बजे मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड, हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया, जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री कैलाश चौधरी, पूर्व विधायक मकराना रुपाराम मुरावतिया आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर शहीद वीरांगनाओं व सर्व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महामंत्री तेजप्रकाश सैनी, जिला महामंत्री राजेश रोलन, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, जिला मंत्री प्रभुसिंह सेवद, जिला परिषद सदस्य रामचंद्र बगडिया, सेवद मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवभगवान बगडिय़ा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार महला, रणजीत सिंह बगडिया, सुभाष, महेश, रामकुमार पंच, नंदकिशोर शर्मा, खेताराम आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

## डॉ. जेसी जैन स्मृति पार्क में पौधारोपण किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। चूणा चौक रानी सती रोड समीप तुलस्यान परिवार द्वारा प्रदत्त भीखावाला कुआं की गुण पर डॉ. जेसी जैन स्मृति पार्क में शुक्रवार को सावन की रिमझिम बारिश में रेणू जयंत सोगानी ने पौधारोपण किया। इसी स्थल पर 10 जुलाई डॉ. जेसी जैन के 91वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत शाम को 6.30 बजे क्लब पदाधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। क्लब पीआरओ अशोक सोनी ने बताया कि इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष भागीरथ प्रसाद जांगिड, अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई एवं एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, रीजन चेयरपर्सन डॉ. एनएस नरुका, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, पूर्व अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड, कैलाशचंद्र सिंघानिया, शकुंतला पुरोहित, पूर्व कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड, प्रथम उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन योगेश खंडेलिया, द्वितीय उपाध्यक्ष शिवकुमार जांगिड, तृतीय उपाध्यक्ष एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, मनोजसिंह टीकेएन, रघुनाथप्रसाद पोद्दार, मुबारिक अली पठान, महिपालसिंह, सुनिल तुलस्यान एवं विनीता शर्मा सहित अन्यजन उपस्थित थे। विदित है कि डॉ. जेसी जैन के दामाद जयंत सोगानी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) के साथ पंजीकृत हैं। कोलकाता पश्चिम बंगाल में रहने वाले वर्तमान में आठ कंपनियों से जुड़े हैं और केसोराम टेक्सटाइल मिल्स लिमिटेड, मंजूश्री प्लांटेशन लिमिटेड, गोंडखरी कोल माइनिंग लिमिटेड, जेनिथ डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड एजेंट्स लिमिटेड, कुदरा इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड के निदेशक हैं।

## राजकुमार सैनी ने नगरपालिका चेयरमैन का पदभार ग्रहण किया

**नवलगढ़** (निसं)। नगरपालिका नवलगढ़ के चेयरमैन पद पर शुक्रवार को वार्ड नंबर 5 से निर्दलीय पार्षद राजकुमार सैनी ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह जाखल मुख्य अतिथि रहे। उपखंड अधिकारी जयसिंह ने नवनियुक्त चेयरमैन राजकुमार सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। स्वायत्त शासन विभाग निदेशालय जयपुर द्वारा बुधवार को वार्ड 39 के पार्षद सुरेंद्र सैनी को चेयरमैन पद से हटाने व वार्ड 5 के पार्षद राजकुमार सैनी को अगले 60 दिन के लिए चेयरमैन नियुक्त करने का आदेश जारी किया था। गौरतलब है कि नवलगढ़ नगरपालिका के कांग्रेस पार्टी के चेयरमैन शोयब खत्री को दिसंबर 2024 में भ्रष्टाचार के आरोप में जांच पूर्ण होने तक का हवाला देकर डीएलबी द्वारा निलंबित किया गया था। इसके बाद 31 दिसंबर 2024 से 9 जुलाई 2025 तक सुरेंद्र सैनी नगरपालिका के चेयरमैन रहे। नवनियुक्त चेयरमैन राजकुमार सैनी ने शपथ ग्रहण के बाद अपने चैंबर में पूजा पाठ करवाई। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष शोयब खत्री, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष इलियास खत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश सैनी, महेश चौधुरी, पार्षद जयंती बील, पार्षद हरिसिंह सोलंकी, पार्षद खालिक लंगा, पार्षद माजिद चौहान, पार्षद विष्णु कुमावत, भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, शहर मंडल अध्यक्ष गौतम खंडेलवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जूडो के एनआईएस कोच बने सोमेश महला

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला से खेल कोचिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा प्राप्त सोमेश महला का कोच प्रशिक्षण पूरा कर झुंझुनू पहुंचने पर जिला खेल अधिकारी राजेश ओला और जूडो कोच आजादसिंह ने स्वर्ण जयंती स्टेडियम में स्वागत किया। खेल अधिकारी राजेश ओला ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि जिले को जूडो कोच मिला है। इससे जिले के बच्चों को जूडो सीखने और खुद को फिट बनाने में मदद मिलेगी।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/2319-2324 दिनांक - 09/07/2025

**आपति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारनीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक / नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आपति सूचना | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 746/23.12.24 | अजय गोयल पुत्र सुनील कुमार अग्रवाल, वार्ड नं. 07, भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 49.05 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |
| 2. | 724/04.12.24 | रामसिंह पुत्र रिछपाल, वार्ड नं. 07 भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 20.43 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |
| 3. | 744/23.12.24 | कल्याण सिंह पुत्र बिरजू सिंह, वार्ड नं. 07 भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 49.05 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |
| 4. | 722/21.11.24 | अंकिता पुत्र रामावतार, वार्ड नं. 07 भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 24.52 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |
| 5. | 715/21.11.24 | राजवीर पुत्र महावीर प्रसाद, वार्ड नं. 07 भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 76.53 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |

राकेश कुमार अरोड़ा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/2315-18 दिनांक - 09/07/2025

**आपति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारनीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. स. | पत्रावली | नाम आवेदक / नामान्तरण/तामिर स्वीकृति आपति सूचना | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 823/08.07.25 | अंश गोयल पुत्र सुनील कुमार, वार्ड नं. 07, भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 53.14 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |
| 2. | 822/08.07.25 | अमित पवन कुमार पुत्र पवन कुमार रामकुमार अग्रवाल , वार्ड नं. 07 भगवानी देवी हास्पिटल के पास, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | 26.75 वर्गमीटर | पटटा नामान्तरण |

राकेश कुमार अरोड़ा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक: 10/07/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री अरविन्द जाति जाट निवासी कनवानी तहसील रावतसर, ने आवेदन कर अपने व्यावसायिक भूखण्ड सेक्टर होलसेल सब्जी मण्डी एण्ड जनरल मार्किट भू. स. 16 साईज 20 गुणा 40 फुट का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। मूल पटटा श्री मुकेश कुमार पुत्र श्री भागीरथ के नाम से साईज 20 गुणा 40 फुट का नगर पालिका द्वारा दिनाक 12.10.2021 को जारीशुदा है। उक्त भूखण्ड श्री मुकेश कुमार ने जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत बैयनामा दिंनाक 27.06.2025 को श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री अरविन्द को बेचान कर दिया। अतः अपने खरीदशुदा भूखण्ड का नामान्तरण प्रार्थीया पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है। अतः अपने व्यावसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांक: 10/07/2025

**आपति आमत्रंण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी कैलाश कुमार, जुगल किशोर, तोलाराम पुत्र पिरागचन्द जाति आगिवाल साकिन रावतसर ने (मार्फत श्री कमल कुमार) अपने न्यायालय के आदेशानुसार भूखण्ड सैक्टर जनरल मार्केट भूखण्ड 41 साईज 15 गुणा 30 का नामांतरण अपने नाम से नगरपालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखण्ड का मूल पटटा सचिव मंडी विकास समिती द्वारा दिनांक 26.05.1987 को साईज 15 गुणा 30 श्री पिरागचन्द पुत्र लेखराम के नाम से पटटा जारी शुदा है। श्रीमान सिविल न्यायाधीश महोदय रावतसर वाद संख्या 09/2025 के आदेशों की पालना में उक्त भूखण्ड का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम दर्ज करवाना चाहते है। अतः उक्त व्यावसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक: 10/07/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री मोहर सिंह पुत्र श्री भारूराम व बनवारी लाल पुत्र श्री अर्जुनराम जाति जाट निवासी रामपुरा मटोरिया तह रावतसर जिला हनुमानगढ़, ने आवेदन कर अपने दस्तबरदारी से प्राप्त व्यवसायिक भूखण्ड सेक्टर धान मण्डी भू. स. 55 साईज 30 गुणा 60 फुट में से 15 गुणा 60 फुट पूर्वी पासा का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहते है। उक्त भूखण्ड श्री कवलजीत कौर पत्नी श्री एस. एस. खुराना के नाम से सेक्टर धान मण्डी भू. स. 55 साईज 30 गुणा 60 फुट का पटटा श्रीमान अतिरिक्त कलेक्टर एवं सचिव मण्डी विकास समिति हनुमानगढ द्वारा दिनांक 05.02.1974 को जारीशुदा है। श्रीमती कवलजीत कौर ने जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत बैयनामा दिनाक 27.12.1986 को उक्त भूखण्ड में से 15 गुणा 60 फुट श्री सोहनलाल पुत्र श्री डूंगरराम को बेचान कर दिया। श्री सोहनलाल ने उक्त भूखण्ड जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.01.1991 को श्री रामनाथ, राजकुमार, होशियार सिंह पुत्र श्री हजारीलाल जाट व लीलादेवी पत्नी श्री शंकरलाल जाट को बेचान कर दिया। श्री रामनाथ, राजकुमार, होशियार सिंह व श्रीमती लीला देवी ने जरिये उपपंजीयक से पंजीकृत बैयनामा दिनाक 17.02.2011 श्रीमती बादू देवी पत्नी श्री भारूराम व श्रीमती नारायणी देवी पत्नी श्री अर्जुनराम को बेचान कर दिया। माननीय सिविल न्यायधीश संख्या 79/2015 द्वारा उक्त भूखण्ड वादी और प्रतिवादी (नत्थूराम, ओमप्रकाश, जेम्ल राम, बनवारीलाल, कृष्णा देवी पुत्र/पुत्रिया अर्जुनराम व प्रेमराज, हसंराज, मोहर सिंह, शकुंतला, सीताराम पुत्र/पुत्रिया श्री भारूराम) के नाम दस्तबरदारी दिनाक 12.02.2025 द्वारा श्री मोहर सिंह व श्री बनवारी लाल के पक्ष में हक त्याग दिया। अतः अपने दस्तबरदारी से प्राप्त भूखण्ड का नामान्तरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है। अतः अपने व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)**

क्रमांक - एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक: 10/07/2025

**आपति सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री सागर सिंह राठौड पुत्र श्री फतेह सिंह राठौड जाति राजपूत निवासी वार्ड न 19, रावतसर, ने आवेदन कर अपने व्यावसायिक भूखण्ड सेक्टर धान मण्डी भू. स. 01 का नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। मूल पटटा श्री बंशीधर पुत्र श्री चाननमल व श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री कनीराम के नाम से साईज 30 गुणा 90 फुट का जारीशुदा है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण पालिका आदेश क्रमाक 21708 दिंनाक 03.03.2025 द्वारा श्री अजय कुमार, दीपक, पंकज व सुनील कुमार पुत्र श्री मांगीलाल के नाम से साईज 15 गुणा 45 का जारीशुदा है। श्री अजय कुमार, दीपक, पंकज व सुनील कुमार ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिंनाक 21.05. 2025 को उक्त भूखण्ड श्री सागर सिंह राठौड पुत्र श्री फतेह सिंह राठौड जाति राजपूत निवासी वार्ड न 19, रावतसर को बेचान कर दिया। जिसका नामान्तरण प्रार्थी नगर पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। अतः अपने व्यावसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करवाने में किसी व्यक्ति को कोई आपति एवं ऐतराज हो तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नही होगा। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर